रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/97 REGD. NO. D.L.-33004/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 490] नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 12, 1997/अग्रहायण 21, 1919
No. 490] NEW DELHI, FRIDAY, DECEMBER 12, 1997/AGRAHAYANA 21, 1919

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

(पत्तन पक्ष)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 दिसम्बर, 1997

सा.का.नि. 699(अ).—केन्द्र सरकार, महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 132 की उप धारा (1) के साथ पठित धारा 124 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पत्तन न्यासी मण्डल द्वारा बनाए गए और इस अधिसूचना के साथ संलग्न अनुसूची में नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारी (छुट्टी संशोधन) विनियम, 1997 का अनुमोदन करती है ।

2. उक्त विनियम इस अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

[पी. आर. 12016/7/93-पी. ई.-I]

के. वी. राव, संयुक्त सचिव

नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारी (छुट्टी) संशोधन विनियम 1997

महा पत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नव मंगलूर पत्तन न्यास बोर्ड द्वारा बनाए गए नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारी (छुट्टी) विनियम 1980 में निम्नलिखित संशोधन विनियम बनाती है बशर्ते कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 124 के अधीन केन्द्रीय सरकार का स्वीकृति हो ।

1 1. इन विनियमों को नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारी (छुट्टी) संशोधन विनियम 1997, कहा जाएगा ।

2. ये विनियम भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2 नव मंगलूर पत्तन कर्मचारी (छुट्टी) विनियम 1980 (इसके बाद इसे 'उक्त विनियम ' कहा जाएगा) के, विनियम 3 में निम्नलिखित को उप-विनियम (ङ.) के रूप में शामिल किया जाएगा :-

1. "(ङ.) एक कर्मचारी के संबंध में "सेवा निवृत्ति की तारीख " अथवा "उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख " का मतलब है, उस महीने की अंतिम तिथि का अपराह्न है, जिस दिन कर्मचारी उसकी सेवा संबंधी शर्तों के अधीन सेवा निवृत्ति हेतु निर्धारित आयु को प्राप्त कर लेता है ।'

2. विनियम 3 के उप-विनियम (ङ.), (च) और (छ) को (घ), (छ) एवं (ज) के रूप में पुनःक्रमांकित किया जाएगा और वर्तमान का उप-विनियम (ज) को निकाल दिया जाएगा ।

3. विनियम 3 के अधीन आगे दी गई टिप्पणी जोड़ दी जाएगी ।

टिप्पणी : इसमें प्रयुक्त शब्द एवं वाक्यांश जिनकी परिभाषा नहीं की गई हो किंतु उनकी परिभाषा मूल विनियमावली एवं पूरक नियमावली में की गई हो तो मूल नियमावली एवं पूरक नियमावली में नियत परिभाषाएँ ही क्रमशः मानी जाएगी ।

3. उक्त विनियम में स्पष्टीकरण के बाद, निम्नदर्शित प्रतिस्थापित होगा " विशेष आकस्मिक अवकाश के संयोजन का जहां तक संबंध है, भारत सरकार के सी सी एस छुट्टी नियमावली के नियम 11 के अधीन निर्णय लागू होगा " ।

4. उक्त विनियम के विनियम 10 में आगे दिए गए विनियम, विनियम 10 (क) के रूप में शामिल किया जाएगा :-

10 (क) छुट्टी पर रहते सेवा अथवा रोजगार की स्वीकृति :

(1) कर्मचारी जब सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी सहित छुट्टी पर हो, निम्नदर्शितों की पूर्व मंजूरी के बिना, लेखाकार परामर्शदाता अथवा कानूनी या चिकित्सक का हैसियत से किसी व्यवसायी के रूप में कहीं भी कोई सेवा या रोज़गार में नहीं जाएगा ।

क. बोर्ड, यदि प्रस्तावित सेवा अथवा रोजगार भारत के बाहर कहीं अन्यत्र हो, अथवा

ख. उसे नियुक्त करने का सक्षम प्राधिकारी, यदि प्रस्तावित सेवा अथवा रोजगार भारत में हो ।

(2) (क) कोई भी कर्मचारी जो सेवा निवृत्ति से पूर्व छुट्टी के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की छुट्टी पर हो तो साधारणतया उसे अन्य सेवा या रोजगार करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) यदि किसी विशिष्ट परिस्थिति पर ऐसी अनुमति वांछनीय समझी जाती है तो कर्मचारी को अपने मूल कार्यालय से उस कार्यालय को, जहां उसके सेवा या रोजगार करने की मंजूरी दी गई, अस्थाई तौर पर स्थानांतरित करना चाहिए अथवा उसे कोई अन्य सेवा या रोजगार प्राप्त करने से पूर्व त्यागपत्र देना चाहिए ।

(ग) यदि कोई कर्मचारी सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर है तो उसे निजी रोजगार प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जाएगी । परंतु उसे किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या सरकार द्वारा नियंत्रित अथवा वित्त पोषित निकाय में रोजगार प्राप्त करने की अनुमति दी जा सकती है ।

टिप्पणी : छुट्टी स्वीकृति आदेश में कर्मचारी के नाम अर्जित छुट्टी/अर्धवेतन छुट्टी की शेष छुट्टी दिया जाना चाहिए ।

5. विनियम 13 में आगे दिए गए उपबंधों को विनियम 13 (क) के रूप में शामिल किया जाएगा :

13 (क) कतिपय परिस्थितियों में छुट्टी स्वीकृत नहीं होगी :

सक्षम दंड प्राधिकारी यदि किसी कर्मचारी को बोर्ड की सेवा से पदच्युत करने, हटाने अथवा अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त करने का निर्णय करने पर छुट्टी स्वीकृत नहीं होनी चाहिए ।

टिप्पणी : निलंबन के दौरान भी, निलंबनाधीन कर्मचारी छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी ।

6. उक्त विनियम के विनियम 17 के उप विनियम (1) और उसके शर्त की जगह निम्नलिखित अंश प्रतिस्थापित होंगे :

17 छुट्टी साथ अवकाश का संयोजन :

(i) कर्मचारी की छुट्टी (चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधारित छुट्टी के सिवाय अन्य छुट्टी) प्रारंभ होने के ठीक पूर्व, या उसकी छुट्टी समाप्त होने के ठीक बाद का वह दिन यदि अवकाश पडता है या कई अवकाशों में एक पडता है, तो कर्मचारी को उस अवकाश के पूर्व दिन कार्यालय बंद होने के बाद स्टेशन से प्रस्थान करने अथवा सार्वजनिक अवकाशों या साप्ताहिक अवकाशों की समाप्ति के बाद अगले दिन कार्यालय आने की अनुमति दी जा सकती है ।

बशर्ते कि :-

(क) उसके स्थानांतरण या कार्यभार संभालने में स्थाई अग्रिम के अलावा, प्रतिभूतिया नकद लेने-देने का कोई कार्य शामिल न हो ।

(ख) उसके शीघ्र प्रस्थान करने से उसके कार्य निभाने के लिए किसी अन्य स्टेशन से किसी कर्मचारी के तदनुरूप शीघ्र स्थानांतरण की आवश्यकता न पड़े, और

(ग) उसकी वापसी में देरी होने से, तदनुरूप उस कर्मचारी को जो उसकी अनुपस्थिति में उसके कर्तव्यों का पालन कर रहा था अथवा उसके स्थान पर नियुक्त किसी अस्थायी कर्मचारी को अन्य स्टेशन पर स्थानांतरण या कार्यमुक्त करने में देर होने का संदर्भ न हो ।

(ii) चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर आधारित छुट्टी के संदर्भ में :

(क) यदि किसी कर्मचारी को चिकित्सा आधार पर प्रमाणित किया जाता है कि उसका कार्यालय स्वास्थ्य में उपस्थित रहने योग्य नहीं है तो इस प्रकार प्रमाणित छुट्टी के पहले कोई अवकाश (अवकाशों)पडता है तो पूर्ववर्ती छुट्टी करने की अनुमति अपने-आप दी जाएगी और यदि प्रमाणित छुट्टी के बाद को अवकाश (अवकाशों) पड जाता है तो ऐसे अवकाश (अवकाशों) को (उस दिन को भी सम्मिलित करते हुऐ छुट्टी का भाग माना जाना चाहिए; और

(ख) जब कर्मचारी को चिकित्सा आधार पर उसे अपने कर्तव्य पर लौटने के लिए स्वस्थ प्रमाणित किया जाता है तो प्रमाणित दिन (उस दिन को भी सम्मिलित करके) के बाद कोई अवकाश (अवकाशों) पडता है तो उसे छुट्टी के बाद स्वतः शामिल करने होंगे और प्रमाणित उस छुट्टी के पूर्व कोई आते है तो अवकाश (अवकाशों) उस अवकाश को भी छुट्टी का भाग माना जाएगा ।

7. उक्त विनियम के विनियम 18 में उप विनियम (1) और (2) को निकाल दिया जाएगा ।

उप-विनियम (3) में निम्नलिखित प्रतिस्थापित होंगे :

यदि किसी कर्मचारी को उसकी छुट्टी की समाप्ति के पूर्व कर्तव्य पर वापस बुलाया जाता है तो इस प्रकार कर्तव्य पर वापस बुलाने के सभी मामलों को अनिवार्य माना जाएगा और कर्मचारी का यह अधिकार होगा कि :

(क) यदि वह छुट्टी जिससे उसे वापस बुलाया जाता है, भारत में हो तो वह उस तारीख से कर्तव्य पर समझा जाएगा जबसे वह स्टेशन के लिए अपनी यात्रा जिसके लिए उसे आदेश दिया गया है और वह निम्नलिखित के लिए के पात्र होंगे --

(i) इस संबंध किए गए नियमानुसार यात्रा भत्ता और

(ii) छुट्टी वेतन, जब तक वह अपने पद का कार्यभार न संभाल लेता हो तब तक का छुट्टी वेतन और वेतन वहीं होगा कि यदि उसे उस कार्य के लिए न बुलाने पर भी मिला रहता हों ।

(ख) यदि वापिस बुलाए जाने की छुट्टी के समय वह भारत के बाहर रहा हो तो, भारत तक समुद्री यात्रा के लिए लगने का समय कर्तव्यरत माना जाएगा की उसी आधार पर छुट्टी का हिसाब लगाया जाएगी और कर्मचारी यह प्राप्त करने का हकदार होगा :-

(i) छुट्टी वेतन समुद्री यात्रा में भारत आने और भारत में आगमन के समय से अपने पद का कार्यभार संभालने की तारीख तक, उसी दर में प्राप्त करेगा जो दर उसे कर्तव्य पर वापस बुलाने के पूर्व मिलता था ।

(ii) भारत तक की निःशुल्क यात्रा ।

(iii) भारत से यात्रा किराए की वापसी-यदि उसको वापस बुलाने पर, भारत के लिए प्रस्थान करने की तारीख तक उसकी अपनी छुट्टी की आधि अवधि पूरी न हाक अथवा तीन महीने, जो भी कम हो ;

(iv) भारत में उतरने की जगह से कर्तव्य स्थल तक की यात्रा के लिए फिलहाल लागू नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता ।

8. उक्त विनियम के विनियम 21 में आगे दिए गए उप विनियम 1 (क) के अधीन उप खंड (iv) के रुप में जोडा जाएगा ।

1. (vi) जब कोई कर्मचारी किसी नए पद पर कार्यभार संभालने से पूर्व उस उद्देश्य के लिए दी गई पूरी अवधि समाप्ति के पहले ही कार्य संभलने आता है, जिसके यों कारण हो --

(क) उसे नए स्थान पर नए पद का कार्यभार संभालने हेतु पात्र उस पूरी अवधि समाप्ति कि पहले ही कार्य संभालने का आदेश दिया गया हो,

अथवा

(ख) यदि कर्मचारी अपने नए कार्य-स्थल तक अकेला जाकर उस उद्देश्य के लिए उपलब्ध अवधि समाप्ति के पहले ही कार्यभार संभालता है और परिवार के लिए यात्रा भत्ता के दावा करने हेतु उस उद्देश्य के लिए स्वीकृत अवधि के अंदर ही अपने परिवार को ले जाता है तो केन्द्रीय सिविल सेवाओं (कार्यभार संभालने की अवधि) की नियमावली, 1979 के निसम 5 के उप नियम (4) के अनुसार कार्यभार संभालने के लिए अधिकतम 15 दिन स्वीकृत अवधि होगी बशर्ते कि कार्यभार संभालने के लिए वास्तविक रुप से लिए गए दिन को घटाकर शेष दिन उसकी छुट्टी लेखे में अर्जित छुट्टी के रुप में जमा कर दिए जाएंगे ।

शर्त यह भी है कि उसके छुट्टी लेखें में रही अर्जित छुट्टी तथा कार्यभार संभालने के संबंध में न ली गई छुट्टी जो जमा की जाती है, दोनों का जोड 240 दिन से अधिक न होनी चाहिए ।

2. विनियम 21 के उप-विनियम (1) के खंड (ग) के रुप में आगे दिया गया वाक्यांश शामिल किया जाएगा ।

"(ग) इस विनियम के प्रयोजन के लिए, विदेश सेवा में बीति अवधि को कर्तव्य मानी जाएगी यदि उस सेवावधि संबंध में छुट्टी वेतन के लिए अंशदान का भुगतान किया गया हो " ।

3. विनियम 21 के उप विनियम (3) में शब्द "औरया कुछ अवधि की अनुपस्थिति को बकाय दिवस" माना जाएगा और शब्द को उस पहली पंक्ति में "असाधारण छुट्टी" एवं "पूर्व अर्ध वर्ष के दौरान" है, के बीच में शामिल किया जाएगा । शब्द "औरया आकाय दिवस" शब्द को चौथी पंक्ति में "असाधारण छुट्टी" एवं ली गई छुट्टी आते है, के बीच में शामिल किया जाएगा ।

4. उपरोक्त विनियम के विनियम 21 में उप विनियम (1) के वाक्य खंड (ख) में दर्शाते हुए शब्द एवं संख्या "180 दिन" को "240 दिन " पढा जाएगा ।

9. उपरोक्त विनियम के विनियम 22 में आगे दिए गए उक्त विनियमों को उप विनियम (4) एवं उप विनियम (5) के रुप में जोडा जाएगा :-

1. "(4) यदि कर्मचारी के निलंबनावधि की अनुपस्थिति को अर्ध वर्ष में अकाय दिवस माना गया है तो आगामी अर्ध वर्ष के प्रारंभ में उसके अर्ध वर्ष छुट्टी खाते के नामे जमा होगा, जो अकाय दिवस अवधि के 1/18 भाग कम कर दिया जाएगा बशर्ते कि अधिकतम 10 दिन होगा ।

2. "(5) जब छुट्टी को अर्ध वेतन छुट्टी रकते के नामे जोडा जाता है तो दिन के अपूर्ण भाग को निकटतम दिन में पूर्ण (राउंड आफ) कर दिया जाएगा ।

10. उपरोक्त विनियम के विनियम 23- उप विनियम (1) के वाक्य खंड (ग) को निकाल दिया जाएगा ।

11. विनियम 24 में आगे दिए गया भाग प्रतिस्थापित होगा :

"24 छुटिटयां जो देय नहीं है: (1) सेवा निवृत्ति से पूर्व छुट्टी की बचत का जहां तक सवाल है स्थायी कर्मचारी को छुट्टी चिकित्सा प्रमाण-पत्र के आधार पर उसकी पूर्ण सेवावधि में अधिकतम 360 दिन की छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है जो निम्न शर्तों के अनुसार हो :

(क) छुट्टी स्वीकृत करनेवाले सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि कर्मचारी की छुट्टी के बीत जाने के बाद काम पर वापस आना आवश्यक है ।

(ख) अदेय छुट्टी को, बाद छुट्टी अर्जित करने संभाव्य उसकी अर्ध-वेतन छुट्टी तक सीमित की जाएगी ।

(ग) अदेय छुट्टी उसकी अध वेतन छुट्टी के नामे डाली जाएगी जो एक कर्मचारी बाद में अर्जित कर सकेगा ।

(2) अदेय छुट्टी अस्थायी कर्मचारियों को स्वीकृत की जा सकती है जो क्षय रोग कुष्ठ रोग, कैन्सर अथवा मानसिक बीमारी से पीडित हैं और इस प्रकार की छुट्टी पूरे सेवा काल में उप विनियम (1) के वाक्य खंड (क), (ख) और (ग) में दी गई शर्तों को पूरा करने पर 360 दिन की अवधि से अधिक नहीं होनी चाहिए और इस संबंध में आगे दी गई शर्तों भी लागू होंगी अर्थात् -

(i) कि कर्मचारी ने कम से कम एक वर्ष की सेवा की हो ।

(ii) कि कर्मचारी जिस पद से छुट्टी पर जाता है, वह पद उसके कर्तव्य पर वापिस आने तक बने रहने की संभावना है, और

(iii) कि ऐसी छुट्टी के आवेदन पत्र के साथ समर्थन हेतु कि विनियम 25 के उप-विनियम 2 के वाक्य खंड (ग) और (घ) में बताए जाने के अनुसार चिकित्सा प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाता हो ।

3 (क) यदि वह कर्मचारी जिसे अदेय छुट्टी स्वीकृत की गई है त्याग पत्र देता है अथवा उसे अपनी स्वेच्छा से कर्मव्य पर वापिस आने के पूर्व ही सेवा निवृत्त होने के लिए अनुमति दी जाती है तो उसकी अदेय छुट्टी रद्द कर दी जाएगी और उसके त्याग-पत्र अथवा सेवा-निवृत्त की तारीख उस दिन से प्रभावी होगा जिस दिन से वैसी छुट्टी प्रारंभ हुई थी और छुट्टी वेतन वसूल कर दिया जाएगा ।

(ख) यदि कोई कर्मचारी, अदेय छुट्टी का लाभ उठाकर कर्तव्य पर वापस आता है परंतु वह ऐसी छुट्टी अर्जित करने से पूर्व सेवा से त्यागपत्र देता है अथवा सेवा-निवृत्त हो जाता है तो उसे उस सीमा तक छुट्टी वेतन अदा करना होगा जो बाद में भी उससे अर्जित न होता हो ।

(1) बशर्ते कि वाक्य खंड (क) और वाक्य खंड (ख) के अंतर्गत छुट्टी वेतन की वसूली नहीं की जाएगी यदि कर्मचारी बीमारी के कारण और सेवा के लिए अक्षम पाने के फलस्वरुप ऐसे त्यागपत्र देना हो अथवा उसकी मृत्यु हुई हो ।

(2) बशर्ते कि वाक्य खंड (क) अथवा वाक्य खंड (ख) के अंतर्गत छुट्टी वेतन की वसूली नहीं की जाएगी, यदि नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारियों (सेवा-निवृत्ति) की विनियम 1980 के विनियम 5 के अंतर्गत कर्मचारी अनिवार्य तया पत्तन की सेवा से समयपूर्व निवृत्त होता है ।

12. उक्त विनियम की विनियम संख्या 25 में उप-विनियम (1) से (6) में निम्नलिखित अश प्रतिस्थापित होगा :

"25 असाधारण छुट्टी :

(1) विशेष परिस्थितियों में कर्मचारी को असाधारण छुट्टी दी जा सकती है :
(क) जब किसी अन्य प्रकार की छुट्टी स्वीकार्य न हो,
(ख) जब अन्य छुट्टी स्वीकार्य हो परंतु पत्तन का कर्मचारी असाधारण छुट्टी की स्वीकृति के लिए लिखित रुप में आवेदन करें।

2. रोगी की विशिष्ट परिस्थितियों के विचार से बोर्ड जब तक यह निश्चित न करे तो किसी भी कर्मचारी को जो स्थायी पद पर काम नहीं कर रहा है, एक बार में असाधारण छुट्टी नहीं दी जाएगी जो निम्नलिखित शर्तों के अनुसार दी गई छुट्टी से अधिक न हो :-

(क) तीन महीने

(ख) छः माह तक, यदि कर्मचारी ने इस विनियम के अंतर्गत स्वीकार्य और देय छुट्टी क बीत जाने की तारीख पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो जिसमें वाक्य खंड (क) के अधीन तीन महीने की असाधारण छुट्टी भी शामिल की गई है और छुट्टी के लिए उसके आवेदन-पत्र के साथ समर्थन हेतु चिकित्सा प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाता है जो कि इन विनियमें के अनुसार आवश्यक है ।

(ग) अठारह महीने, यदि कर्मचारी जिसने एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो और आगे दी गई बिमारियों का इलाज करा रहा हो,

(i) फुप्फुस क्षय रोग, (फर्मनरी टूबरकुलोसिसि) अथवा गिल्टीदार मूल की प्लूरिसी (प्लेरुसी आफ टूबरकुलार ओरिजिन) किसी मान्यता प्राप्त सेनेटोरियम में उपचार किया जा रहा हो ,

टिप्पणी : अठारह महीने तक असाधारण छुट्टी की रियायत उस कर्मचारी को भी अनुमति होगी जो फुप्फुस क्षय रोग या गिल्टीदार मूल की फ्लूरिसी रोग से पीडित है तथा अपने ही आवास पर उस क्षय रोग विशेषज्ञ से

उपचार करा रहा है जिसे राज्य प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता मिली है और इस बारे में रोगी अपने उपचार कराने वाले विशेषज्ञ से हस्ताक्षरित इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करता है कि वह उसके उपचार में है और सिफारिश की गई छुट्टी के बीत जाने पर उसके स्वस्थ होने के तकसम्मत आसार है ।

(ii) शरीर के किसी अंग को टी.बी. का इलाज किसी योग्यता प्राप्त क्षय रोग के विशेषज्ञ या सिविल सर्जन या स्टॉफ सर्जन से करवा रहा हो, या

(iii)कुष्ठ रोग का इलाज किसी मान्यता प्राप्त संस्था या किसी सिविल सर्जन या किसी स्टॉफ सर्जन या संबंधित राज्य प्रशासनिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त कुष्ठ रोग चिकित्सालय के विशेषज्ञ से करवा रहा हो ।

(iv) केन्सर अथवा मानसिक रोग किसी ऐसी संस्था में दिया जा रहा हो जो इस प्रकार के रोग के उपचार के लिए मान्यता प्राप्त है, अथवा सिविल सर्जन अथवा स्टॉफ सर्जन अथवा ऐसे रोग विशेषज्ञ द्वारा उपचार किया जा रहा हो ।

(घ) 24 मीने तक, यदि असाधारण छुट्टी किसी ऐसे पाठ्यक्रम के अध्ययन के लिए जिसे लोकहित में प्रमाणित किया गया है, बशर्ते संबंधित कर्मचारी ने इस प्रकार की देय छुट्टी और इन विनियमों के अधीन स्वीकार्य छुट्टी के समाप्त हो जाने पर लगातार तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली है जिसमें वाक्य खंड (क) के अंतर्गत 3 महीने की असाधारण छुट्टी मिला ली गई है ।

3 (क) यदि किसी कर्मचारी को उप विनियम (2) के वाक्य खंड (ङ) में दिए गए उपबंधों को शिथिल करके असाधारण छुट्टी की स्वीकृति दी जाती है तो उस प्रपत्र संख्या 6 में एक बॉंड निष्पादित करना होगा जिसमें यह वचन दिया जाएगा कि वह इस अवधि में बोर्ड द्वारा किए गए तथा किसी अन्य एजेन्सी द्वारा किए गए वास्तविक व्यय और उस पर देय ब्याज की राशि सहित कुल राशि लौटाएगा यदि वह इस छुट्टी के बाद अपने कर्तव्य पर वापस न आए अथवा अपने कर्तव्य पर वापस आने के बाद तीन वर्षों की अवधि से पूर्व अपना सेवा को छोड दें ।

(ख) इस बॉंड का समर्थन उन दो जमानतियों अर्थात् दो स्थायी कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा जो तुलनात्मक रुप से प्रार्थी के समकक्ष पद या उच्चतर पद पर काम करते हों ।

4. विभागाध्यक्ष असाधारण छुट्टी अनुसचित जाति या अनुसूचित जन-जातियों से संबंधित कर्मचारियों को उप विनियम (2) के उपबंधों को शिथिल करते हुए पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में समय-समय पर कोई बोर्ड द्वारा अधिसूचित केन्द्रों पर उपस्थित होने के लिए स्वीकृत कर सकते हैं ।

5. यदि दो असाधारण छुटिट्यों की अवधियों के बीच किसी अन्य प्रकार की छुट्टी हो तो उप-विनियम (2) के प्रयोजनों के लिए यह लगातार असाधारण छुट्टी की अवधि मानी जाएगी ।

6. छुट्टी स्वीकृत करने में सक्षम प्राधिकारी बिना छुट्टी की अनुपस्थिति की अवधियां पूर्वापेक्षी प्रभाव से असाधारण छुट्टी में परिवर्तित कर सकता है ।

13. पूर्वोक्त विनियमों के उप-विनियम 26 में उप-विनियम 3 के अंतर्गत आगे दी गई टिप्पणी जोड़ दी जाएगी ।

टिप्पणी: नव मंगलू पत्तन न्यास में किसी कर्मचारी के अपने प्रशिक्षु नियुक्त होने की तारीख से जमा छुट्टी व्ययगत नहीं होगी । परंतु कर्मचारी को नव मंगलूर पत्तन न्यास में प्रशिक्षु की अवधि समाप्त होते ही किसी पद पर नियुक्ति हो जाने पर जमा छुट्टी का लाभ उठाने की अनुमति दी जा सकेगी ।

14. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 28 में आंकडे और शब्द "180 दिन" के स्थान पर "240 दिन" कर लिए जाएंगे ।

15. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 29 के स्थान पर आगे दिए गए विनियम को लिखा जाए :

"29 छुट्टी के एवज में छुट्टी/नकद भुगतान - सेवा निवृत्ति की तारीख या त्याग से भरे ।

(1) किसी कर्मचारी को इसके परे छुट्टी स्वीकृत नहीं होगी :-

(क) उसकी सेवा-निवृत्ति की तारीख, या

(ख) उसके अंतिम रुप से कर्तव्य समाप्ति की तारीख, या

(ग) उस तारीख को जब वह बोर्ड को सूचना देकर सेवा-निवृत्त होता है या वह बोर्ड द्वारा सूचना या इस प्रकार की सूचना के एवज में उसकी सेवा के निबंधन और शर्तों के अनुसार वेतन एवं भत्ता देकर सेवा निवृत्त किया जाता है, या

(घ) उसके सेवा से त्यागपत्र की तारीख ।

(2) (क) यदि कोई कर्मचारी सेवा के शासी निबंधन एवं शर्तों के अधीन निर्धारित सामान्य आयु को प्राप्त करके सेवा निवृत्त होता है तो छुट्टी स्वीकृत करनेवाला सक्षम प्राधिकारी आदर्श रुप (सुओ मोटो) में एक आदेश जारी करके उसे उसके अर्जित वेतन के लिए छुट्टी-वेतन के बराबर नकद भुगतान स्वीकृत करेगा यदि कर्मचारी की छुट्टी लेखा में उसकी सेवा-निवृत्ति की तारीख पर कोई छुट्टी है जो अधिकतम 240 दिन रखी गई है ।

(ख) वाक्य खंड (क) के अधीन समतुल्य नकदी की संगणना आगे दिए गए रुप में होगी और एक बार के समझौते के रुप में एक मुश्त देय होगी । कोई गृह किराया भत्ता या नगर क्षतिपूर्ति भत्ता देय नहीं होगा :-

$$\text{नकद समतुल्य} = \frac{\text{सेवा निवृत्ति की तारीख को स्वीकार्य वेतन + उस तारीख को स्वीकार्य महँगाई भत्ता}}{30} \times \text{सेवा निवृत्ति की तारीख को बिना उपयोग की गई उसके नाम जमा अर्जित छुटि्टयों के समतुल्य नकद के दिनों की सं. जो अधिकतम 240 दिन रखी गई है}$$

(3) छुट्टी स्वीकृत करनेवाला सक्षम प्राधिकारी किसी कर्मचारी का उस स्थिति में अर्जित छुट्टी के समतुल्य संपूर्ण तथा आंशिक नकदी रोक कर रख सकेगा यदि कर्मचारी सेवा-निवृत्ति की आयु को प्राप्त करके सेवा से सेवा निवृत्त होता है । यदि वह निलंबन के अधीन है या उसके खिलाफ अनुशासनिक या आपराधिक कार्यवाही लंबित है, यदि प्राधिकारी ऐसा महसूस करे कि कार्यवाही का निष्कर्ष उसके खिलाफ होने पर उससे कुछ राशि की वसूली की जानी संभावना है । कार्यवाही के निष्कर्ष पर वह इस प्रकार रोक कर रखी गई, राशि के लिए बोर्ड की शेष राशियों के समायोजन के पश्चात् पात्र हो जाएगा, यदि कोई हो ।

(4) (क) यदि किसी कर्मचारी की सेवा उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख से परे लोक सेवा के हित में बढा दी गई हो तो उसके लिए स्वीकार्य होगा :-

(i) छुट्टी वृद्धि की अवधि के दौरान यदि इस प्रकार की वृद्धि की अवधि के संबंध में कोई अर्जित छुट्टी बकाया है और वह अर्जित छुट्टी जो उसकी सेवा निवृत्ति की तारीख को उसने छुट्टी लेखा में जमा थी, शामिल करके अधिकतम 120 दिन/240 दिन की होगी, जैसी भी स्थिति हो ।

(ii) छुट्टी वृद्धि की अवधि की समाप्ति के पश्चात् सेवा-निवृत्ति की तारीख को छुट्टी लेखा में जमा अर्जित छुट्टी के संबंध में उप विनियम (2) में दिए गए ढंग से समतुल्य नकदी हेतु छुट्टी की अवधि की वृद्धि के दौरान अर्जित की गई अर्जित छुट्टी को शामिल करके उसमें से ऐसी अवधि के दौरान लाभ उठाई गई अर्जित छुट्टीयों को घटा दिया जाएगा जो अधिकतम 240 दिन तक है ।

(ख) इस उप-विनियम के वाक्य खंड (क) के उप वाक्य खंड (ii) के अधीन समतुल्य नकदी की संगणना उपरोक्त उप-विनियम (2) के वाक्य खंड (ख) में संकेतित तारीख से की जाएगी ।

5. यदि कोई कर्मचारी उप विनियम (1) के वाक्य खंड (ग) में विनिर्दिष्ट तरीके से सेवा से निवृत्त होता है या सेवा निवृत्त किया जाता है, छुट्टी स्वीकृत करनेवाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदर्श तरीके (सुयो मोटो) से उसके छुट्टी लेखा में जमा अर्जित छुटिट्यों के संबंध में, जो कि अधिकतम 240 दिन के अधीन हैं छुट्टी वेतन के समतुल्य नकदी स्वीकृत कर सकता है तथा उसके खाते में जमा समस्त अर्ध-वेतन छुटिट्यों के संबंध में भी, बशर्ते कि यह अवधि उस अवधि से अधिक न हो, जिस तारीख को वह इस प्रकार सेवा में सेवा निवृत्त होता है या किया जाता है और उस तारीख को जब वह अपनी सेवा के शासी निबंधक और शर्तों के अधीन सेवा निवृत्ति हेतु निर्धारित आयु को प्राप्त करने के पश्चात् सामान्य तौर पर सेवा निवृत्त होता, के बीच की है । समतुल्य नकदी छुट्टी वेतन के बराबर होगी जैसा कि अर्जित छुटिट्यों के लिए स्वीकार्य है औरया छुट्टी वेतन के बराबर जैसा कि अर्जित छुट्टी के लिए स्वीकार्य है, में उसी दर से प्रथम 240 दिनों के लिए छुट्टी वेतन पर स्वीकार्य महँगाई भत्ते को जोड दिया जाएगा जो उस तारीख को लागू है जिस दिन कर्मचारी इस प्रकार सेवा से निवृत्त होता है या सेवा निवृत्त किया जाता है । पेंशन पर पेंशन एवं दूसरी सेवा निवृत्ति के समतुल्य लाभों एवं मदर्थ राहत/श्रेणी-राहत को छुट्टी वेतन से काट लिया जाएगा जो अर्ध-वेतन छुट्टी

की अवधि के लिए भुगतान की गई, यदि कोई है और जिसके लिए समतुल्य राशि देय है/इस प्रकार संभावित राशि का एक बार के समझौते के रूप में एक मुश्त भुगतान किया जाएगा । कोई गृह किराया भत्ता या नगर क्षतिपूर्ति भत्ता देय नहीं होगा ।

यह शर्त है कि यदि अर्ध-वेतन छुट्टी संघटक के लिए छुट्टी वेतन उस राशि से कम पड़ता है जो पेंशन एवं अन्य पेशनगत लाभों से संबंधित हो तो ऐसी स्थिति में अर्ध-वेतन छुट्टी के समतुल्य राशि स्वीकृत नहीं की जाएगी ।

(5) (क) यदि किसी कर्मचारी को दंड स्वरूप नव मंगलूर पत्तन न्यास कर्मचारियों (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) की विनियमावली, 1980 के उपबंधों के अधीन अनिवार्य रूप से सेवा निवृत्त कर दिया गया है तथा अनुशासनिक प्राधिकरण ने उसकी पेंशन राशि (उपदान सहित) में कोई कटौती नहीं की गई है तो छुट्टी स्वीकृत करने वाला सक्षम प्राधिकारी सेंट्रल सिविल सर्विसस (पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 40 के अधीन आदर्श रूप (सुयो मोटो) में एक आदेश जारी करके अर्जित छुट्टी के लिए छुट्टी वेतन के बराबर राशि स्वीकृत करेगा । यदि इस प्रकार की सेवा निवृत्ति की तारीख को कर्मधारी के छुट्टी लेखा में कोई छुट्टी गया है जो विनियम 29 के उप विनियम 2(ख) में संकेतित तरीकों में अधिकतम 240 दिन हो सकती है ।

(6) (क) (i) यदि किसी कर्मचारी की सेवाएं सूचना द्वारा या सूचना के एवज में वेतन एवं भत्ते के भुगतान द्वारा या अन्यथा उसकी नियुक्ति के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार समाप्त कर दी गई है तो छुट्टी स्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदर्श रूप (सुयो मोटो) में उसकी अर्जित छुट्टी के संबंध में समतुल्य राशि स्वीकृत की जा सकती है जो सेवा समाप्ति की तारीख को उसके छुट्टी लेखा में जमा हो, वह छुट्टी अधिकतम 240 दिन हो सकती है ।

(ii) यदि कोई कर्मचारी त्याग पत्र देता है या सेवा त्याग करता है तो ऐसी स्थिति में छुट्टी स्वीकृत करनेवाले सक्षम अधिकारी द्वारा आदर्श रूप (सुयो मोटो) में उसकी सेवा समाप्ति की तारीख को उसके छुट्टी लेखे में जमा अर्जित छुटिट्यों के संबंध में समतुल्य राशि स्वीकृत कर सकेगा, उसके छुट्टी लेखा में जमा इस प्रकार की छुटिट्यों की आधी सीमा तक होगी जो अधिकतम 120 दिन हो सकती है ।

(iii) यदि कोई कर्मचारी जो सेवा-निवृत्ति के पश्चात् पुनर्नियुक्त हुआ है, उसकी पुनर्नियुक्ति की समाप्ति की स्थिति में छुट्टी स्वीकृत करनेवाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदर्श रूप (सुयो मोटो) में उसकी पुनर्नियुक्ति की समाप्ति की तारीख को उसके छुट्टी लेखा में जमा अर्जित छुटिट्यों के संबंध में समतुल्य राशि स्वीकृत करेगा जो अधिकतम 240 दिन हो सकती है (सेवा निवृत्ति के समय जिस अवधि के लिए नकदीकरण की अनुमति दी गई थी, को शामिल करके)

(स) वाक्य खंड (क) के अधीन देय समतुल्य राशि को उप विनियम (2) के वाक्य खंड (स) में संकेतित तरीके के संगणित किया जाएगा, तथा वाक्य खंड (क) के उप वाक्य खंड (iii) के अधीन समतुल्य राशि को पुनर्नियुक्ति वाले पद के वेतनमान में पेंशन एवं दूसरी सेवा-निवृत्ति की समतुल्य पेंशन के लाभों एवं भत्ते को उपयुक्त वेतन में समायोजन से पूर्व नियत किया जाएगा ।

16 (1) उपरोक्त विनियमों के विनियम 30 के स्थान पर आगे दिया गया विनियम रखा जाएगा

"30. सेवा काल में कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर छुट्टी वेतन के समतुल्य नकद भुगतान

अगर किसी कर्मचारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है तो उसके छुट्टी लेखा में उसकी मृत्यु के दिन जमा शेष अर्जित छुट्टी अधिकतम 240 दिन के लिए छुट्टी वेतन के बराबर राशि उसके परिवार को विनियम 30 दग में विनिर्दिष्ट तरीके से मृत्यु तथा सेवा निवृत्ति के उपदान के समतुल्य पेंशन की राशि को कम किए बगैर भुगतान कर देना चाहिए ।

टिप्पणी: इस विनियम के अधीन स्वीकार्य छुट्टी वेतन के बराबर नकद भुगतान के अतिरिक्त मृत कर्मचारी का परिवार केवल इस बाबत अलग से जारी आदेशों के अनुसार महँगाई भत्ते का भुगतान पाने का अधिकार होगा ।

पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 30 में आगे दिया गया विनियम, विनियम 30 (क) के रूप में सम्मिलित किया जाएगा :

" 30 (क) अर्जित छुट्टी का नवीकरण ":

(i) प्रत्येक कर्मचारी को एक कैलेंडर वर्ष में उसकी छुट्टी लेखा में जमा अर्जित छुट्टी को 50 प्रतिशत नकदीकरण की अनुमति होगी किन्तु उस कार्य के अधीन उसके उस कैलेंडर वर्ष के दौरान सात दिन से कम/अधिक अर्जित छुट्टी का लाभ इस प्रकार के नकदीकरण से पूर्व या एक ही समय पर न उठाया गया हो ।

(ii) नवीकृत अर्जित छुट्टी को कर्मचारी के अर्जित छुट्टी लेखा से घटा दिया जाएगा यदि उसने वास्तव में उसका लाभ उठाया है ।

(iii)ऐसे मामले में जब कोई कर्मचारी नकदीकरण के साथ-साथ अर्जित छुट्टी का लाभ भी उठा रहा है तो ऐसी स्थिति में अर्जित छुट्टी जिसका वास्तविक रूप से नकदीकरण हो चुका है वह नव मंगलूर पत्तन न्यास (छुट्टी) विनियमावली 1980 के अधीन कर्मचारी को एक समय में स्वीकार्य अधिकतम अर्जित छुट्टी 120 दिन से अधिक नहीं हो जानी चाहिए ।

(iv) इस प्रकार के नकदीकरण की राशि उस वेतन एवं भत्ते के रूप में होगी जिसके लिए कर्मचारी वास्तविक रूप से पात्र होता यदि वह छुट्टी पर गया होता और यह उसे अग्रिम में दी जाएगी ।

(v) ऐसे कर्मचारी के मामलों में जो सेवा निवृत्ति के करीब है, ऐसी स्थिति में नकदीकरण की तिथि और सेवा-निवृत्ति की तिथि के बीच उपलब्ध सेवा की अवधि नकदीकृत दिनों की वास्तविक संख्या से कम नहीं होगी ।

(vi)छुट्टी के एवज में भुगतान की गई राशि को किसी भी प्रयोजन के लिए परिलब्धियों के रुप में नहीं गिना जाएगा । इस राशि की भविष्य निधि अंशदान, ऋण, अग्रिम आदि के संबंध में वसूली भी नहीं की जाएगी ।

(vii)वे कर्मचारी जो विदेशी सेवा निबंधनों पर भारत सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा अन्य पत्तन में प्रतिनियुक्ति पर हैं, वे इन विनियमों के लाभों के लिए भी पात्र होंगे, इसका समग्र दायित्व नव मंगलूर पत्तन न्यास द्वारा वहन किया जा रहा है ।

3. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 30 में आगे दिया गया विनियम, विनियम 30 (स) के रुप में समाविष्ट कर लिया जाएगा :-

" 30 (स) सेवा से निर्योग्य होने की स्थिति में छुट्टी वेतन के बराबर नकद भुगतान:

यदि कोई कर्मचारी चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा पूर्णरुपेण एवं स्थाई तौर पर आगे की सेवा के लिए अक्षम घोषित कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में छुट्टी स्वीकृत करने वाले सक्षम अधिकारी द्वारा आदर्श रुप (सुयो मोटो) में सेवा से उसकी निर्योग्यता की तारीख को उसकी बकाया एवं स्वीकार्य छुटिट्यों के संबंध में छुट्टी वेतन के बराबर नकद भुगतान स्वीकृत किया जा सकेगा, शर्त यह है कि छुट्टी जिसके लिए उसे समान नकद भुगतान स्वीकृत किया गया है, वह उस तारीख से परे न बढती हो जब वह अपनी सेवा के शासी निबंधनों और शर्तों के अधीन सेवा-निवृत्ति के लिए निर्धारित आयु को प्राप्त करने के पश्चात् सामान्य दशा में सेवा निवृत्त होगा । इस प्रकार देय समान राशि छुट्टी वेतन के बराबर होगी जैसा कि विनियम 29 के उप विनियम (5) के अधीन संगणीत है । वह कर्मचारी जो स्थायी कर्मचारी नहीं है, उसकी सेवा से निर्योग्यता की तारीख को उसके खाते में जमा बकाया अर्ध वेतन छुट्टी के संबंध में छुट्टी वेतन के बराबर नकद वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा ।

4. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 30 में आगे दिए गए विनियम को विनियम 30 (ग) के रुप में समाविष्ट किया जाएगा :-

" 30 (ग) कर्मचारी की मृत्यु होने की दशा में छुट्टी के समतुल्य नकदी का भुगतान:

यदि सेवा में रहते हुए किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है या सेवा निवृत्ति के पश्चात् या कर्तव्य के अंतिम रुप में छोडने के पश्चात् किंतु विनियम 30, 30(क) और 30 (स) के अधीन देय छुट्टी वेतन के बराबर नकद भुगतान की वास्तविक प्राप्ति से पूर्व हो तो ऐसी राशि देय होगी :-

(i) यदि मृतक पुरुष कर्मचारी था तो उसकी विधवा को और यदि उसकी एक से अधिक विधवाएँ हो तो सबसे बडी जीवित विधवा को भुगतान किया जाएगा । यदि मृत महिला कर्मचारी थी तो उसके पति को भुगतान किया जाएगा ।

टिप्पणी: इस अभिव्यक्ति में "सबसे बडी जीवित विधवा " का अर्थ संदर्भ के साथ लगाया जाएगा जो जीवित विधवाओं की शादि की तारीख के अनुसार होगा और न कि उनकी आयु के संदर्भ के साथ इसका अभिप्राय होगा ।

(ii) विधवा या विधुर के न होने की स्थिति में मामले के अनुसार सबसे बडे जीवित पुत्र, या दत्तक पुत्र को,

(iii) उपरोक्त (i) और (ii) के न होने के स्थिति में सबसे बडी जीवित अविवाहित पुत्री को,

(iv) उपरोक्त (i) और (iii) के न होने की स्थिति में सबसे बडी जीवित विधवा पुत्री को,

(v) उपरोक्त (i) और (iv) के न होने की स्थिति में पिता को,

(vi) उपरोक्त (i) और (v) के न होने की स्थिति में मां को,

(vii) उपरोक्त (i) और (vi) के न होने की स्थिति में सबसे बडे जीवित भाई को, जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो ,

(viii) उपरोक्त (i) से (vii) के न होने की स्थिति में सबसे बडी अविवाहित बहन को, और

(ix) उपरोक्त के न होने की स्थिति में सबसे बडी जीवित विधवा बहन को ।

17. उपरोक्त विनियमों के विनियम संख्या 31 को निकाल दिया जाएगा ।

18. उपरोक्त विनियमों के विनियम 32, उप-विनियम 7 (ख) के नीचे स्पष्टीकरण (i) और (ii) को निकाल दिया जाएगा । विनियम के उप-विनियम (i) के अंतर्गत आगे दी गई टिप्पणी को निःशेषित किया जाएगा ।

टिप्पणी । भारत के बाहर विदेशी सेवा पर व्यतीत किसी अवधि के संबंध में छुट्टी वेतन की संगणना करते समय भारत से बाहर विदेशी सेवा के लिए आहारित किए गए वास्तविक वेतन के स्थान पर उस वेतन को रखा जाएगा जो वह कर्मचारी भारत में सेवा में रहते हुए आहारित करता ।

19. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 36 के स्थान पर आगे दिया गया विनियम रखा जाएगा ।

<u>36 प्रसूती छुट्टी ।</u>

(1) ऐसी महिला कर्मचारी (प्रशिक्षु सहित) को जिसके दो से कम जीवित बच्चे हों, छुट्टी स्वीकृत करने में सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसके प्रारंभ होने की तारीख से 90 दिन तक की प्रसूति छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है ।

(2) इस प्रकार की अवधि के दौरान उसको छुट्टी पर जाने के पूर्व प्राप्त वेतन के बराबर वेतन का भुगतान किया जाएगा ।

टिप्पणी । ऐसे कर्मचारी के मामले में जिन पर कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) लागू होता है तो इस नियमों के अधीन भुगतान किए जाने वाले छुट्टी वेतन से पूर्वोक्त अधिनियम के अधीन समान अवधि के लिए मिलने वाले लाभ की राशि से घटा दिया जाएगा ।

(3) महिला कर्मचारी (भले ही उसके कितने भी जीवित बच्चे हो) को असफल गर्भस्राव (गर्भपात को शामिल करके) के मामले में विनियम 14 के अनुसार चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर छुट्टी, जो 6 सप्ताह से अधिक न हो, भी स्वीकृत की जा सकती है ।

(4) (क) प्रसूति छुट्टी का अन्य प्रकार की छुट्टी के साथ संयोजन किया जा सकेगा ।

(स) विनियम (23) और विनियम 24 के अनुसार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना वांछित होने के बावजूद इस प्रकार की बकाया एवं स्वीकार्य छुट्टी (60 दिन तक की परिवर्तित छुट्टी एवं अदेय छुट्टी को सम्मिलित करते हुए) बिना चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए उप विनियम (1) के अधीन प्रसूति छुट्टी के क्रम में अधिकतम एक वर्ष तक की छुट्टी स्वीकृत की जा सकती है यदि इसके लिए आवेदन किया गया है ।

(5) प्रसूति छुट्टी को छुट्टी लेखे में संगणित नहीं किया जाएगा ।

(6) संभावित गर्भपात के लिए कोई प्रसूति छुट्टी देय नहीं है ।

विनियम के आगे दिया गया स्पष्टीकरण संख्या (1) होगा और इसके बाद स्पष्टीकरण संख्या (2) समाविष्ट किया जाएगा :-

स्पष्टीकरण 2 । यह स्पष्ट किया जाता है कि 'गर्भपात' के अंतर्गत 'संभावित गर्भपात' सम्मिलित नहीं है और 'संभावित गर्भपात' के मामले में प्रसूति छुट्टी स्वीकृत नहीं की जा सकती ।

20. पूर्वोक्त विनियमों में विनियम 38 में उप विनियम (1) आगे दिए गए विनियम के रूप में रखा जाएगा :-

(1) छुट्टी स्वीकृत करनेवाला सक्षम प्राधिकारी वर्ग III और IV के कर्मचारियों को चिकित्सालय छुट्टी स्वीकृत कर सकता है । इन कर्मचारियों के कर्तव्यों में खतरनाक मशीनों के चलाने, विस्फोटक पदार्थों, विषैली दवाइयों और इसी प्रकार की अन्य सामग्रियों को काम में लाना निहित है अथवा जोखिमभरे कार्यों का संपादन शामिल है, जबकि चिकित्सालय या अन्य अन्यथा स्थान में चिकित्सा उपचार किया जाता हो जो ऐसी बीमारी या चोट के लिए है यदि उनके सरकारी कर्तव्यों के दौरान उठाई गई जोखिमों के कारण ऐसी कर्मचारी या चोट प्रत्यक्ष रूप से लगी है ।

21. पूर्वोक्त विनियम के विनियम 40 को निकाल दिया जाएगा ।

22. पूर्वोक्त विनियमों के विनियम 41, उप-विनियम (5) के स्थान पर आगे दिया गया विनियम रखा जाएगा :-

"5 अध्ययन छुट्टी किसी कर्मचारी को दी जा सकेगी -

(i) जिसने संतोषजनक ढंग से अपनी परिवीक्षा की अवधि पूरी कर ली है तथा पत्तन न्यास बोर्ड के अधीन परिवीक्षा की अवधि को शामिल करते हुए लगातार पाँच वर्ष की नियमित सेवा से कम सेवा न की हो ।

(ii) जो बोर्ड की सेवा से तीन वर्ष की अवधि में छुट्टी के बीत जाने के बाद जिस तारीख से उसके वापस आने की आज्ञा की जाती है, अधिवर्षिता की आयु तक नहीं पहुँच पायेगा, और

(iii) जो विनियम 44(4) में दिए गए उपबंधों के अनुसार एक बांड निष्पादित करता है और यह वचन देता है कि वह छुट्टी बीत जाने के बाद तीन वर्ष की अवधि के लिए पत्तन न्यास बोर्ड की सेवा में बना रहेगा ।

23. पूर्वोक्त विनियम के विनियम 47 में शब्द "(महंगाई भत्ता के सिवाय भत्ते के बिना)" जो उप विनियम (1) के कोष्ठक में आते हैं, को निकाल दिया जाएगा । शब्द "और महंगाई भत्ता तथा मकान किराया भत्ता" अंत में जोड़ दिए जाएंगे ।

उप विनियम 2(क) में शब्द महंगाई भत्ते के सिवाय भत्ते बिना" जो कोष्ठकों में आते है, निकाल दिए जाएंगे । शब्द "विनियम 51 के उपबंधों के अनुसार स्वीकार्य महंगाई भत्ता तथा मकान किराया भत्ता को शामिल करके" अंत में जोड़ दिए जाएंगे ।

24. पूर्वोक्त विनियम के विनियम 48 में शब्द "कर्मचारी " जो उप विनियम (4) के वाक्य खंड (क) के शब्द "के निदेश " और "या" के बीच में आते हो तो उन्हें " बोर्ड" पढ़ा जाएगा ।

25. पूर्वोक्त विनियम के विनियम 51 के स्थान पर इस प्रकार रखा जाएगा :-

51 अध्ययन भत्ता के अलावा भत्ते की स्वीकार्यता :

(1) अध्ययन छुट्टी के प्रथम 120 दिनों के लिए मकान किराया भत्ता उन्हीं दरों पर दिया जाएगा जो कर्मचारी को समय-समय पर उस स्थान पर दिया गया था जहां से अध्ययन छुट्टी के लिए प्रस्थान किया । 120 दिन से परे मकान किराया भत्ते के भुगतान के क्रम को उस प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत किए जाने के अधीन, होगा जिसे बोर्ड ने समय-समय पर निर्धारित किया है ।

(2) उप नियम (1) के अंतर्गत स्वीकार्य मकान किराया भत्ता के सिवाय और महंगाई भत्ता तथा अध्ययन भत्ता, जहां भी स्वीकार्य हो, के सिवाय कोई अन्य भत्ता कर्मचारी को स्वीकृत की गई अध्ययन छुट्टी की अवधि के संबंध में अदा नहीं किया जाएगा ।

26. पूर्वोक्त विनियम के विनियम 54 और उप विनियम (1) में शब्द "अथवा अध्ययन के पाठ्यक्रम को पूरा करने में असफल रहता है और इस प्रकार विनियम 44 के उप-विनियम 5 के अंतर्गत आवश्यक प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत करने में असमर्थ है " को शब्द "कर्तव्य पर ऐसी वापसी " और उसे अदा करने की आवश्यकता होगी " के बीच में निवेशित किए जाएं ।

उप विनियम (1) के अंतर्गत परंतुक में शब्द "ऐसे कर्मचारियों के मामले के सिवाय जो अपने अध्ययन के पाठ्यक्रम को पूरा करने में असफल रहते हैं " शब्द "शर्त यह है कि " और "कुछ नहीं " के बीच में निवेशित किए जाएंगे ।

*मुख्य विनियमावली
जहाजरानी एवं परिवहन मंत्रालय, (परिवहन पक्ष/विंग), अधिसूचना सं० एस आर 149 (अ) दिनांक 28 मार्च 1980. द्वारा राजकीय पत्र में प्रकाशित हुई ।

MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT

(Ports Wing)

NOTIFICATION

New Delhi, the 12th December, 1997

G.S.R. 699(E).—In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 124, read with Sub-section (1) of 132 of the Major Port Trust Act, 1963 (38 of 1963), the Central Government hereby approves the New Mangalore Port Trust Employees (Leave) Amendment Regulations, 1997 made by the Board of Trustees for the Port of New Mangalore and set out in the Schedule annexed to this notification.

2. The said regulations shall come into force on the date of publication of this notification in the Offical Gazette.

New Mangalore Port Trust Employees (Leave) Amendment Regulations, 1997

In exercise of the powers conferred by Sec. 28 of the Major Port Trust Act 1963 (38 of 1963) the New Mangalore Port Trust Board hereby makes, subject to approval of the Central Government under Sec. 124 of the above Act, the following Regulations to amend the New Mangalore Port Employees (Leave) Regulations 1980 namely :-

1. 1) These Regulations may be called the New Mangalore Port Trust Employees (Leave) Amendment Regulations, 1997.

2) They shall come into force on thedate of publication in the official Gazette.

2. In the New Mangalore Port Employees (Leave) Regulations 1980 (hereinafter referred as the said regulations) in Regulations 3, the following shall be inserted as sub Regulations (e) :-

1) "(e) Date of retirement "or" date of his retirement " in relation to an employee, means the afternoon of the last date of the month in which the employee attains the age prescribed for retirement under the terms and condition governing his service".

2) Sub Regulations (e), (f) and (g) of regulation 3 shall be renumbered as (f), (g) and (h) and existing sub regulation (h) shall be deleted.

3) A note shall be added as follows under the Regulation 3.

" Note:- Words and expressions used herein and not defined but defined in the Fundamental rules and

supplementary rules shall have the meaning respectively assigned to them in Fundamental rules and Supplementary rules."

3. In regulation 9 of the said regulation, the following shall be substituted after Explanation.
" As regards the combination of Special Casual Leave the Govt. of India decision under Rule 11 of CCS Leave Rules will apply".

4. In regulation 10 of the said regulation, the following regulation shall be inserted as regulation 10 (A).

10(A) Acceptance of service or employment while on leave:

